24. अपने परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में हमने महत्वपूर्ण विस्तार करने का काम आरम्भ किया है। देशी जानकारी पर आधारित दस नए परमाणु शक्तिचालित रिएक्टरों से देश की विद्युत उत्पादन क्षमता में लगभग 4000 मैगावाट की वृद्धि होगी जो सोवियत प्रौद्योगिकी के आधार पर स्थापित की जा रही 2000 मैगावाट परमाणु ऊर्जा के अतिरिक्त है। परमाणु केन्द्रों में आपातकालीन तैयारी और सुरक्षा प्रणालियों के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार किया गया है।

25. विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जा रहा है। भारतीय रिमोट सेंसिंग उपग्रह का इस्तेमाल भूजल का पता लगाने और बाढ़ पर नजर रखने जैसी ग्रामीण विकास की समस्याओं के समाधान के लिए किया जा रहा है। स्वास्थ्य और कृषि में इस्तेमाल के लिए अनेक बायो-टेक्नॉलोजी उत्पाद तैयार किए गए हैं। देश में ही विकसित गाय भ्रूण अन्तरण प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल देश के दुधारू पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए किया जा रहा है। सरकार खादी और ग्रामोद्योग आयोग के कार्यक्रमों में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् की प्रयोगशालाओं को अधिक से अधिक शरीक करने की योजना बना रही है।

26. प्रौद्योगिकी मिशनों के लाभ मिलने आरम्भ हो गए हैं। एक लाख छः हजार समस्याग्रस्त गांवों को पेयजल साधन मुहैया किए जा चुके हैं। 500 से अधिक स्वैच्छिक संगठनों के सहयोग से अनेक राज्यों में प्रौढ़ साक्षरता के लिए एक व्यापक जन अभियान शुरू किया गया है। सरकार ने पशु उत्पादकता में सुधार और दूध के अधिक उत्पादन के जरिए ग्रामीण आय को बढ़ाने के लिए डेयरी विकास छठा प्रौद्योगिकी मिशन आरम्भ किया है।

27. मूल्य और भुगतान संतुलन हमारी अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले दो क्षेत्र हैं। मूल्य अवश्य बढ़े हैं, लेकिन यह भी मानना पड़ेगा कि जितना भयंकर सूखा पड़ा, उतने ही भयंकर पिछले सूखों की तुलना में मूल्य-वृद्धि काफी कम रही। मुद्रास्फीति की दर के कारगर नियंत्रण के लिए वित्तीय और आर्थिक नीति सम्बन्धी सभी उपाय किए जा रहे हैं। आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

28. भुगतान संतुलन के विषय में हमें बहुत सतर्क रहना है। निर्यात में वृद्धि की गति को बरकरार रखना होगा तथा अधिक निर्यात और विदेशी मुद्रा के अधिक अर्जन से इसे और सुदृढ़ करना होगा। यथासंभव कारगर आयात-प्रतिस्थापन पर विशेष बल देते हुए आयात पर सावधानीपूर्वक नजर रखनी होगी।

29. अधिक तीव्र विकास, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में अधिक तीव्र विकास, गरीबी समाप्त करने की आवश्यक पूर्वापेक्षा है। लेकिन यही काफी नहीं है। इसीलिए गरीबी पर सीधा प्रहार अभी जारी है। गरीबों के कल्याण के हित में सरकार परिसम्पत्ति-निर्माण और ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों पर पहले की अपेक्षा अधिक खर्च कर रही है। एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत, हमारे ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ 50 लाख लाभग्राहियों को सहायता प्राप्त हुई है। इनमें लगभग आधे लाभग्राही अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हैं। एन० आर० ई० पी० के अन्तर्गत, 7वीं पंचवर्षीय योजना के अन्तिम वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य को योजना के चौथे वर्ष में ही पूरा कर लिया गया।

इन्दिरा आवास योजना के अन्तर्गत चार लाख से भी अधिक घरों का निर्माण किया गया। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और मुक्त हुए बंधुआ मजदूरों के लाभार्थ दस लाख कुंआ योजना आरंभ की गई है। जनजातियों के लिए उनके उत्पादों के उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए एक मार्केटिंग संस्था "ट्राइफेड" आरम्भ की गई है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए एक राष्ट्रीय वित्त एवं विकास निगम की स्थापना की गई है।

30. राष्ट्रीय आवास नीति संसद में पास की जा चुकी है। इसमें अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और मुक्त किए गए बंधुआ मजदूरों को आवास उपलब्ध कराने के कार्य को प्राथमिकता दी गई है। इनके साथ-साथ ग्रामीण भूमिहीन व्यक्तियों, कारीगरों, आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों और निम्न आय समूहों के लोगों को उनकी आर्थिक स्थिति के अनुसार आवास दिलाने में सहायता की जाएगी। इसी प्रकार अकेली महिलाओं, विधवाओं तथा उन परिवारों की भी सहायता की जाएगी जिनकी प्रधान महिलाएं हैं। शहरी क्षेत्रों में सबसे खराब स्थिति पटरी पर रहने वालों की है। पटरी पर रहने वालों को घर प्रदान करने के लिए महानगरों में एक योजना शुरू की गई है। एक राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना की गई है। गृह निर्माण कार्य में आने वाली रुकावटों, जैसे अपर्याप्त भूमि और पूंजी, को धीरे-धीरे दूर किया जा रहा है। शहरीकरण सम्बन्धी राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट विचाराधीन है।

31. इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत पहले ही देश के लगभग 40 प्रतिशत ब्लॉक लाए जा चुके हैं। प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वत्र प्रसार को उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण की प्रभावी शुरुआत भी की गई है। अब तक 256 नवोदय विद्यालय स्थापित किए जा चुके हैं। इन विद्यालयों में पढ़ने वाले 40 प्रतिशत बच्चे ऐसे परिवारों से हैं जो गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे हैं। इनमें से लगभग 80 प्रतिशत छात्र ग्रामीण क्षेत्रों के हैं।

32. भारतीय समाज के समस्त पिछड़े वर्गों में महिलायें सबसे पीछे हैं। राष्ट्रीय जीवन में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने और उन पर पड़े परिवार तथा समाज के भारी दायित्वों के निर्वाह में उनकी सहायता करने के लिए एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य योजना तैयार की गई है। इस योजना का उद्देश्य भारतीय महिलाओं के उत्थान के लिए एक दीर्घकालिक नीति की रूपरेखा तैयार करना है। इसका उद्देश्य उनकी आर्थिक स्वतन्त्रता को सुदृढ़ करना और उनकी सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है। इस योजना के तहत देश के विकास में पूरी भागीदार बनने में महिलाओं की सहायता करने का प्रयास किया गया है।

33. विकास प्रक्रिया में आर्थिक आयाम के अलावा और भी बहुत कुछ है। विकास की हमारी वर्तमान अवस्था में इस प्रक्रिया के सामने तीन प्रमुख चुनौतियां हैं—पर्यावरण की रक्षा, संस्कृति की रक्षा तथा हमारे लोगों की भागीदारी।

34. पर्यावरण का बेहतर संरक्षण सुनिश्चित करने और पारिस्थितिकी-संतुलन को बेहतर ढंग से बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय वन नीति में काफी परिवर्तन किया गया है। वन-संरक्षण अधिनियम को सुदृढ़ बनाया गया है तथा जल प्रदूषण सम्बन्धी कानून को अधिक कठोर बनाया गया है। गंगा कार्य योजना में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। सरकार ने गंगा की सफाई के लिए 262 योजनाएं मंजूर की हैं, जिनपर 256 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इन योजनाओं में से 45 योजनाएं पहले ही पूरी की जा चुकी हैं।

शेष योजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं। खतरनाक रसायनों तथा उनके प्रतिष्ठापनों को विनियमित करने और रासायनिक दुर्घटनाओं से निपटने के लिए एक संस्थागत ढ़ांचा बनाया गया है।

35. तेजी से हो रहे आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की इस अवधि में हमारे नैतिक और आध्यात्मिक मूल्य दांव पर हैं। हमारी मूल्य प्रणाली का मूल आधार करुणा, सहिष्णुता और जन-कल्याण हैं। हमारे सामने यह घोर संकट है कि कहीं इन मूल्यों की उपेक्षा कर इनका स्थान बेलगाम भौतिक लालसाएं न ले लें। हमारे उत्कृष्ट मूल्यों की रक्षा तथा राष्ट्रीय अखण्डता को बरकरार रखने, हमारी विविधता को सहज रूप में स्वीकार करने, विविधता में एकता बनाए रखने, बाहर के अच्छे सांस्कृतिक प्रभावों को ग्रहण करने और समन्वय के माध्यम से विकास के लिए संस्कृति सर्वाधिक प्रभावी साधनों में से एक साधन है। यही वे गुण हैं जिन्होंने हजारों वर्षों से हमारी सभ्यता को निरन्तर बनाए रखा है। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने परम्परागत, लोकमूलक और आदिवासी तत्वों से निर्मित सांस्कृतिक ताने-बाने को संरक्षित रखें और उनका विकास करें। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें जो शानदार विरासत प्राप्त हुई है उसकी जानकारी हम सर्वसाधारण को दें और उनमें उसके प्रति एक अहसास पैदा करें। यही वे उद्देश्य और प्राथमिकताएं हैं जिन पर सरकार की सांस्कृतिक नीति आधारित है।

36. योजना प्रक्रिया में जन सामान्य के स्तर पर वास्तविक सहभागिता की बहुत अधिक आवश्यकता है। यही एक तरीका है जिससे स्थानीय आवश्यकताओं और स्थानीय प्राथमिकताओं पर अपेक्षित बल दिया जा सकेगा। हमें अपने लोकतन्त्र के तीसरे सोपान को मजबूत करना होगा ताकि गांव, तहसील और जिला स्तरों की प्रतिनिधि संस्थाएं विकास कार्यक्रमों की योजना बना सकें, उन्हें कार्यान्वित कर सकें और उनकी निगरानी कर सकें। इसलिए इस वर्ष सरकार के लिए मुख्य प्राथमिकता होगी पंचायती राज्य संस्थाओं को पुनर्गठित कर उनकी शक्तियों और कार्यों को नया रूप देना। सरकार जनता को शक्तियां सौंपने के लिए एक बड़ा विधायी कार्यक्रम प्रस्तुत करना चाहती है।

37. अब हम आठवीं योजना तैयार कर रहे हैं। सरकार का यह प्रयास होगा कि योजना को जिला स्तर से, बल्कि उससे भी नीचे से शुरू कर राज्य योजना आयोगों और योजना भवन तक लाया जाए। इस योजना में हमने 6 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर का लक्ष्य रखा है। रोजगार के अधिक अवसर पैदा करने की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। देश के युवा वर्ग को उत्पादक काम और रोजगार मुहैया करने को हम सबसे अधिक प्राथमिकता दे रहे हैं। अतः इस प्रकार ही गरीबी और विकास की समस्याओं का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। राष्ट्र-निर्माण के महान कार्य में युवाओं को शामिल करना ही इनका समाधान है।

38. जब हम आज की अन्तर्राष्ट्रीय स्थिति पर नजर डालते हैं तो स्थिति आशाजनक तो जरूर है परन्तु ऐसी नहीं कि हम संतुष्ट होकर बैठ जाएं। आई० एन० एफ० सन्धि के रूप में परमाणु निरस्त्रीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। प्रमुख सैनिक शक्तियों के बीच बेहतर समझ इस बात से भी जाहिर होती है कि विश्व के अनेक भागों में तनाव कम हुआ है। यहां तक कि ऐसी समस्याएं हल हुई हैं जो असाध्य प्रतीत होती थीं। टकराव के स्थान पर बातचीत को लगातार अधिक महत्व दिया जा रहा है। यह संतोष की बात है कि इन रचनात्मक प्रवृत्तियों के पीछे गुट-निरपेक्षता, पंचशील और 1986 की दिल्ली घोषणा के सिद्धांतों का दार्शनिक आधार मौजूद है। फिर भी, समाधान ढूंढने की प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि हम पहले की अपेक्षा अधिक सुन्दर और अधिक

लोकतांत्रिक विश्व के निर्माण में अपना सहयोग दें और सम्बन्धित देशों के हितों को अनदेखा न किया जाए। अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में इस ऐतिहासिक घड़ी में गुट-निरपेक्ष आन्दोलन के लिए यह लाजमी है कि वह निरस्त्रीकरण और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की प्रक्रियाओं को उनके वास्तविक अर्थों में आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका अदा करे। 'एक्शन प्लान' में निर्धारित किया गया उद्देश्य, जिसे प्रधान मन्त्री ने जून 1988 में संयुक्त राष्ट्र संघ में पेश किया था, सभी परमाणु अस्त्रों को समाप्त करने और परम्परागत शस्त्रों और सेनाओं को न्यूनतम सुरक्षा-स्तर तक लाने का होना चाहिए जिससे ऐसी विश्व व्यवस्था का निर्माण हो सके जिसका मूलाधार अहिंसा हो।

39. हमारे क्षेत्र में दक्षेस के माध्यम से सहयोग की प्रक्रिया के ठोस परिणाम मिलने आरम्भ हो गए हैं। लोगों के बीच सम्पर्क सूत्रों का विस्तार आरम्भ हो गया है जिससे क्षेत्रीय सहयोग को एक जन आन्दोलन बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। खाद्य संरक्षण और आतंकवाद के दमन के क्षेत्र में समझौते हुए हैं। वर्ष 1989 को नशीली दवाइयों के सेवन के विरुद्ध दक्षेस वर्ष घोषित किया गया है। नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार, इस क्षेत्र के देशों में इनको लाने-ले-जाने की कार्य प्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी और नशीली दवाइयों के सम्बन्ध में परामर्श सम्बन्धी विचारों के आदान-प्रदान में भी एक उपयोगी शुरुआत की गई है। पर्यावरण की सुरक्षा और दैवी आपदाओं के सम्बन्ध में कार्यवाही के लिए विस्तृत अध्ययन का कार्य आरम्भ हो गया है। मूल आवश्यकताओं पर क्षेत्रीय परिप्रेक्ष्य योजना तैयार करने से क्षेत्र की एक जैसी समस्याओं पर ध्यान केन्द्रित करने में मदद मिलेगी।

40. प्रधान मन्त्री के हाल ही के चीन के दौरे के साथ हमने चीन के साथ अपने सम्बन्धों में एक नई तथा सार्थक शुरुआत की है। चीनी नेताओं से हुए सद्भावपूर्ण और रचनात्मक विचार-विमर्श ने दोनों देशों के बीच स्थायी, शांतिपूर्ण एवं परस्पर लाभकारी सम्बन्धों का रास्ता प्रशस्त किया है। यह क्षेत्रीय और विश्व शांति के लिए एक अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना है क्योंकि भारत और चीन दोनों मिलकर सम्पूर्ण मानव जाति का एक तिहाई हिस्सा हैं। आर्थिक सम्बन्ध, व्यापार तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एक संयुक्त ग्रुप बनाया जाना है। सीमा विवाद को उचित, तर्कसंगत और एक-दूसरे को स्वीकार्य तरीके से हल करने के लिए एक संयुक्त कार्य दल का गठन किया जा रहा है। अपने द्विपक्षीय सम्बन्धों में तथा एक नयी अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के निर्माण के लिए एक आधार के रूप में दोनों देशों ने शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों में अपनी आस्था पुनः व्यक्त की है।

41. हमने पाकिस्तान में लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गयी सरकार का स्वागत किया है। तनाव कम करने और सहयोग बढ़ाने के लिए हम नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की आशा रखते हैं। प्रधान मन्त्री ने इस्लामाबाद की अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मन्त्री बेनजीर भुट्टो के साथ विस्तृत बातचीत की। इसके परिणामस्वरूप तीन करारों पर हस्ताक्षर हुए जिनसे परस्पर विश्वास बढ़ने और हमारे लोगों के बीच ज्यादा मेलजोल को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हमने इस रचनात्मक बातचीत को आगे जारी रखना स्वीकार किया है।

42. भारत-श्रीलंका समझौते के प्रावधानों को लागू करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है जिससे श्रीलंका की एकता और क्षेत्रीय अखंडता के दायरे के अन्दर तमिलों की न्यायोचित आकांक्षाओं की पूर्ति हुई है। उत्तर-पूर्वी राज्य परिषद् के चुनाव कराए गए और अब वहां जनता द्वारा चुनी गई सरकार कायम है। तमिल को राजभाषा बनाने और भारतीय मूल के राज्यहीन तमिलों की काफी समय से चली आ रही समस्या के समाधान के लिए कानून बनाया गया है। राष्ट्रपति और संसद के चुनाव सफलता-

पूर्वक सम्पन्न हुए हैं। स्थिति में सुधार होने के कारण हमने सेना की कुछ टुकड़ियां हटा ली हैं। हमारी सशस्त्र सेना ने जिस निष्ठा और बहादुरी से अपने कर्त्तव्यों का पालन किया है उसकी हम सराहना करते हैं।

43. हमारे पड़ोसी मित्र मालदीव को अपनी स्वतन्त्रता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध सशस्त्र खतरे का सामना करना पड़ा। इस खतरे का मुकाबला करने में मालदीव की सहायता के अनुरोध पर हमने तुरन्त कार्रवाई की।

44. सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचोव को उनके साहसी एवं सूझबूझ-पूर्ण प्रयासों के लिए जिन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय वातावरण को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान किया है, इन्दिरा गांधी शांति निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत और सोवियत संघ के सम्बन्धों ने घनिष्ठता, व्यापकता और महत्व की नयी ऊंचाइयों को छू लिया है। सोवियत संघ से अपनी मित्रता को हम कितना महत्व देते हैं, यह दोनों देशों के नेताओं की अनेक यात्राओं से स्पष्ट है। राष्ट्रपति गोर्बाचोव के साथ अनेक विषयों पर प्रधान मन्त्री द्वारा किए गए विचार-विमर्श ने दोनों देशों के बीच आपसी समझ को और सुदृढ़ किया है, परस्पर आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया है और भावी सहयोग को एक नई दिशा प्रदान की है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में सहयोग का हमारा कार्यक्रम विशेष रूप से आशाजनक है। भारत उत्सव के समापन समारोह के अवसर पर मेरी सोवियत संघ यात्रा ने सोवियत नेताओं के साथ लाभदायक विचार-विमर्श का अवसर प्रदान किया। इन उत्सवों ने हमारे लोगों के बीच मित्रता, सद्भावना और आपसी समझ को बढ़ाया है।

45. संयुक्त राज्य अमरीका के साथ हमारे सम्बन्धों में काफी सुधार हुआ है तथा तकनीकी आदान-प्रदान और परस्पर आर्थिक सहयोग के क्षेत्र का विस्तार हुआ है। संयुक्त राज्य अमरीका व्यापार में अब हमारा सबसे बड़ा सहभागी है और उच्च प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण स्रोत है। रचनात्मक सम्बन्धों की स्थापना और एक दूसरे के विचारों को समझने की आवश्यकता के प्रति दोनों देश पहले की अपेक्षा अधिक सचेत हैं।

46. अफगानिस्तान से सोवियत सेना की वापसी का काम पूरा हो गया है। समय का तकाजा है कि एक शान्तिपूर्ण राजनीतिक समझौता सम्पन्न हो ताकि उस देश में और अधिक खून-खराबे को रोका जा सके और शरणार्थियों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी हालात बनाए जा सकें। इसके लिए यह आवश्यक है कि अफगानिस्तान की स्वतन्त्रता, अखण्डता और गुट-निरपेक्ष हैसियत सुनिश्चित करने के लिए जेनेवा समझौते का सभी सम्बन्धित पक्षों द्वारा पालन किया जाए।

47. भारत उन पहले देशों में से है, जिन्होंने स्वतन्त्र फिलिस्तीनी राज्य को पूर्ण मान्यता प्रदान की है। अध्यक्ष यासर अराफात परामर्श के लिए दिल्ली आए थे। हमने संयुक्त राज्य अमरीका और फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के बीच बातचीत की शुरुआत का स्वागत किया है। हम आशा करते हैं कि संयुक्त राष्ट्र संघ के तत्वावधान में पश्चिम एशिया पर अन्तर्राष्ट्रीय शांति सम्मेलन शीघ्र बुलाना सम्भव होगा और उसमें सभी सम्बन्धित पक्ष भाग ले सकेंगे।

48. कम्पूचिया की समस्या के समाधान में प्रगति होने के आसार हैं। हम सभी सम्बन्धित पक्षों से सम्पर्क बनाए हुए हैं। प्रधान मन्त्री ने वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी नुयान वान लिन्ह से विस्तृत विचार-विमर्श किया था। हम ऐसा राजनीतिक हल तलाश करने के प्रयासों में सहायता करने के लिए

तैयार हैं, जिससे कम्पूचिया की प्रभुसत्ता, क्षेत्रीय अखंडता, स्वतन्त्रता और गुट-निरपेक्षता सुनिश्चित हो सके।

49. नामीबिया के बारे में हुए समझौतों का हमने स्वागत किया है। स्वतन्त्र और निष्पक्ष चुनाव की प्रक्रिया में रोड़े अटका कर नामीबिया को आजादी के हस्तांतरण को विफल करने की प्रिटोरिया की किसी भी चाल को शुरू में ही नाकाम करना जरूरी है। रंगभेद समाप्त करने के लिए प्रिटोरिया पर अन्तर्राष्ट्रीय दबाव अवश्य बनाए रखा जाना चाहिए। फिजी में भी जातीय भेदभाव को जीवन-शैली का अंग बनाने के सभी प्रयासों का डटकर विरोध किया जाना चाहिए।

50. वर्ष के दौरान मैंने सोवियत संघ, मंगोलिया, नीदरलैंड, फिनलैंड, चेकोस्लोवाकिया, साइप्रस, भूटान और पाकिस्तान की यात्रा की। उप-राष्ट्रपति ने मारीशस, ट्रिनिदाद-टोबागो, गुयाना तथा सूरीनाम की यात्रा की। प्रधान मन्त्री ने जापान, वियतनाम, सीरिया, जर्मन संघीय गणराज्य, हंगरी, जोर्डन, युगोस्लाविया, स्पेन, तुर्की, चीन और पाकिस्तान की यात्रा की। इन यात्राओं से आपसी समझ और सहयोग बढ़ा है। हमारे यहां भी विदेशों के अनेक राजनेता आए। इनमें कोरिया लोकतांत्रिक जन गणराज्य के प्रधान मंत्री, सिंगापुर के प्रधान मंत्री, जोर्डन के युवराज, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति, मोजाम्बीक के राष्ट्रपति, बंगलादेश के राष्ट्रपति, नेपाल, नरेश, कीनिया के राष्ट्रपति, फिलिस्तीनी मुक्ति संगठन के अध्यक्ष, अंगोला के राष्ट्रपति, नीदरलैंड के प्रधान मन्त्री, मारीशस के गवर्नर जनरल, कम्पूचिया लोकतांत्रिक जन गणराज्य के प्रधान मन्त्री, स्वापो केअध्यक्ष, राष्ट्रपति गोर्बाचोव, मालदीव के राष्ट्रपति, माल्टा के प्रधानमन्त्री, वियतनाम के साम्यवादी दल के महासचिव, फ्रांस के राष्ट्रपति और आस्ट्रेलिया के प्रधान मन्त्री शामिल हैं।

51. हमारे आगे कठोर चुनौतियां और उत्साहपूर्ण अवसर हैं। आप जनता की इच्छा-शक्ति के मूर्त प्रतीक हैं। आप पर लोगों के स्वप्न को साकार करने की भारी जिम्मेदारी है। हम सामाजिक परिवर्तन के लिए एक ऐसा महानतम प्रयास कर रहे हैं जो मानव जाति के इतिहास में इस प्रकार का प्रथम प्रयास है। यह कार्य इतना महान है और कभी-कभी इतना हतोत्साह करने वाला है कि हम प्रायः यह सोचकर किंकर्तव्यविमूढ़ रह जाते हैं कि इस दिशा में कितना कुछ और किया जाना बाकी है। इस दिशा में हमारी जो उपलब्धियां हैं, कभी-कभी हम उनके महत्व को भी पूरी तरह नहीं समझ पाते। इसके लिए एक संतुलित दृष्टि अपेक्षित है। पिछली अनेक शताब्दियों की तुलना में गत 40 वर्षों में अधिक विकास और अधिक सामाजिक न्याय हुआ है। हमारे लोग गरीबी की जंजीरों से मुक्त हो रहे हैं। इस गति को अभी और तेज करने की जरूरत है। हमारे युवाओं को अधिक व्यापक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इन अवसरों को अभी और तेजी से बढ़ाने की आवश्यकता है। शताब्दियों से जो सामाजिक दमन और भेदभाव चले आ रहे हैं उनका अन्त हो रहा है। इस प्रक्रिया को अभी और तेज करना होगा। हमें इसमें सफलता मिलेगी और शीघ्र ही मिलेगी, क्योंकि हमारी नींव ऐसे ठोस सिद्धांतों पर है, जो हमें अपनी हजारों वर्ष पुरानी सभ्यता से विरासत में मिले हैं। ये ऐसे सिद्धांत हैं जो हमारे स्वतन्त्रता संग्राम की भट्ठी में तपकर खरे उतरे हैं और जिन्हें राष्ट्र-निर्माण के चालीस वर्षों में आजमाया और परखा गया है। यदि हम इन सिद्धांतों का सच्चाई से पालन करते रहेंगे और अपनी प्राथमिकताओं और लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे, तो इस संक्रमण काल से नए भारत का अभ्युदय होगा और वह अपना ध्येय प्राप्त करने में सफल होगा।

जय हिन्द

1.0½ म० प०

निधन सम्बन्धी उल्लेख

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण, जैसाकि आपको विदित है जापान के सम्राट हिरोहितो का 7 जनवरी, 1989 को निधन हो गया था। उनके देश के लोग उनका आदर-सत्कार करते थे और उनके प्रति उनका बहुत प्यार था तथा उनके निधन से उन्हें बहुत दुःख हुआ है। उनके मार्गदर्शन के कारण ही जापान वर्तमान युग में संसार की एक बड़ी आर्थिक और टैक्नोलोजीकल शक्ति बना है। वे वैज्ञानिक और विद्वान थे और उन्होंने अन्त समय तक समुद्र-जीवविज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान में गहरी रुचि रखी। वे हृदय से जापान के लोगों के हितचिन्तक थे। उनके शासन-काल में भारत-जापान सम्बन्ध बड़े सौहार्दपूर्ण रहे।

इस अवसर पर मैं जापान की सरकार वहां के लोगों और दिवंगत सम्राट हिरोहितो के परिवार के प्रति के गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। हम आशा करते हैं और प्रार्थना करते हैं कि उनका परिवार तथा उनकी जनता इस क्षति को धैर्यपूर्वक से सहन कर सके।

मैं सभा को इस दुखद बात की जानकारी देना अपना कर्त्तव्य मानता हूँ कि हमारे तीन भतपूर्व साथी अर्थात् सर्वश्री विरधारम फुलवाड़िया, रतनलाल ब्राह्मण और चपलाकान्त भट्टाचार्य अब हमारे बीच नहीं रहे हैं।

श्री विरधाराम फुलवाड़िया सातवीं लोक सभा के सदस्य थे और उन्होंने 1980-84 के दौरान राजस्थान के जालोर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इससे पहले वह 1962-77 के दौरान राजस्थान विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री फुलवाड़िया व्यवसाय से एक किसान थे और जाने-माने सामाजिक कार्यकर्त्ता थे और उन्होंने 1852-65 के दौरान भिनमाल नगर पालिका के सदस्य के रूप में कार्य किया।

उन्होंने अस्पृश्यता और जातिवाद के उन्मूलन में गहरी दिलचस्पी ली तथा निरक्षरता और गरीबी को दूर करने के लिए अथक प्रयत्न किया।

श्री फुलवाड़िया का निधन 16 दिसम्बर, 1988 को राजस्थान में भिनमाल में हुआ।

श्री रतनलाल ब्राह्मण पांचवीं लोक सभा के सदस्य थे और 1971-77 के दौरान पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग निर्वाचन-क्षेत्र से चुनकर आए थे। इससे पहले वह 1946-52 के दौरान पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य थे।

श्री ब्राह्मण एक जाने माने राजनीतिक कार्यकर्त्ता थे और उन्होंने दार्जिलिंग नगरपालिका में आयुक्त के रूप में कार्य किया।

वह एक सक्रिय ट्रेड यूनियन नेता थे और विभिन्न ट्रेड यूनियनों में विभिन्न पदों पर रहे।

श्री ब्राह्मण का निधन 89 वर्ष की आयु में जनवरी, 1989 को आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा में हुआ।

श्री चपलकान्त भट्टाचार्य दूसरी तीसरी और चौथी लोक सभा (1957-70) के सदस्य रहे और पश्चिम बंगाल के क्रमशः पश्चिम दिनाजपुर और रायगंज निर्वाचन क्षेत्रों से चुन कर आये।

श्री भट्टाचार्य एक जाने-माने पत्रकार थे और विभिन्न पत्रकार संगठनों से विभिन्न रूपों में सम्बद्ध थे। वह आनन्द बाजार पत्रिका के सम्पादक थे तथा कलकत्ता से प्रकाशित "जनसेवक" के प्रमुख सम्पादक थे।

वह एक प्रकाण्ड पंडित थे और उन्होंने कलकत्ता विश्वविद्यालय में पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष के रूप में काम किया, और कलकत्ता के संस्कृत साहित्य परिषद् के उपाध्यक्ष भी रहे। वह एक अच्छे लेखक थे और उन्होंने अंग्रेजी तथा बंगला में अनेक पुस्तकें लिखीं।

इन्होंने विश्व के अनेक देशों की यात्रा की और संस्कृत तथा बंगला साहित्य में गहरी रुचि दिखाई। उन्होंने इतिहास, पुरातत्व विज्ञान और राजनीतिक आन्दोलनों में अनुसंधान किया।

श्री भट्टाचार्य एक अच्छे संसदविज्ञ थे और उन्होंने सभा की कार्यवाही में गहरी दिलचस्पी ली और इस संबंध में मूल्यवान योगदान दिया।

श्री भट्टाचार्य का निधन 88 वर्ष की आयु में 16 जनवरी, 1989 को कलकत्ता में हुआ।

हम इन मित्रों के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और मुझे विश्वास है कि सभा के सदस्य शोकसन्तप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करने में मेरा साथ देंगे।

अब सदस्यगण संवेदना व्यक्त करने के लिए थोड़ी देर मौन खड़े रहें।

तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।

1.04 म० प०

सभा पटल पर रखे गए पत्र

राष्ट्रपति द्वारा जारी की उद्घोषणाएं जिनके द्वारा मिजोरम, नागालैंड और तमिलनाडु राज्यों के संबंध में उद्घोषणाओं को प्रतिसंहृत किया गया

[अनुवाद]

गृह मंत्री (सरदार बूटा सिंह) : मैं संविधान अनुच्छेद 356(3) के अंतर्गत निम्नलिखित उद्घोषणा की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :—

(एक) संविधान के अनुच्छेद 356 के खण्ड (2) के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा 24 जनवरी, 1989 को जारी की उद्घोषणा, जिसके द्वारा मिजोरम के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा 7 सितम्बर, 1988 को जारी की गई उद्घोषणा, जो 24 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा०का०नि०53 (अ) प्रकाशित हुई थी, को प्रतिसंहृत किया गया है।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 7208/89]

(दो) संविधान के अनुच्छेद 356 के खंड (2) के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा 25 जनवरी, 1989 को जारी की गई उद्घोषणा, जिसके द्वारा नागालैण्ड राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा 7 अगस्त, 1988 को जारी की गई उद्घोषणा, भी 25 जनवरी, 1988 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा०का०नि० 55(अ) में प्रकाशित हुई थी, को प्रतिसंहृत किया गया है।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल०टी० 7209/89]

(तीन) संविधान के अनुच्छेद 356 के खण्ड (2) अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वार 27, जनवरी को जारी की गई उद्घोषणा, जिसके द्वारा तमिलनाडु राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा 30 जनवरी, 1988 को जारी की गई उद्घोषणा, जो 27 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या सा०का०नि० 56 (अ) में प्रकाशित हुई थी, को प्रतिसंहृत किया गया है।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल०टी० 7210/89]

आय-कर (संशोधन) अध्ययादेश, 1989

संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री एच० के० एल० भगत) : मैं संविधान के अनुच्छेद 123(2)(क) के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा 24 जनवरी, 1989 को प्रख्यापित आय-कर (संशोधन) अध्यादेश 1989 (1989 का संख्या 1) की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल०टी० 7211/89]

सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 और आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत अधिसूचनाएं

वित्त मंत्रालय में व्यय विभाग में राज्य मंत्री (श्री बी० के० गढ़वी) : श्री ए० के० पांजा की ओर से मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :—

(1) सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 159 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) सा० का० नि० 1148(अ), जो 5 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 20 जुलाई, 1984 की अधिसूचना संख्या 205/84-सी० शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि "14 जिप फास्टनरों और उनके भागों को" प्रतिस्थापित किया जा सके।

(दो) सा०का०नि० 1149(अ), जो 5 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 7 जनवरी, 1985 की अधिसूचना संख्या 5/85-सी० शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि "जिप फास्टन" शब्दों के स्थान पर "जिप फास्टनर और उनके भाग" शब्द प्रतिस्थापित किये जा सकें।

(तीन) का० आ० 1205, जो 27 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा कतिपय विदेशी मुद्राओं को भारतीय मुद्रा में अथवा भारतीय मुद्रा को उपर्युक्त मुद्राओं में बदलने की विनिमय दरें निर्धारित की गई हैं तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(चार) सा०का०नि० 1216(अ), जो 28 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुये थे तथा जिनके द्वारा 30 मार्च, 1988 की अधिसूचना संख्या 116/88-सी०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि अग्रिम लाइसेंसधारक परिणामी निर्मित उत्पाद का अन्तरण अन्य अग्रिम लाइसेंसधारक को कर सके जो उसका इस्तेमाल निर्यात-उत्पादन के लिए मध्यवर्ती उत्पाद के रूप में करता है तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(पांच) सा०का०नि० 1230(अ), जो 30 दिसम्बर, 1988 के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 2 जुलाई, 1980 की अधिसूचना संख्या 132-सी०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि भारत-नेपाल व्यापार संधि, 1978 की शर्तों के अनुसार भारत में अधिमान्य प्रवेश के लिए पात्र पाए गए नेपाली मूल के एक और उत्पाद को मदों की सूची में जोड़ा जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(छह) सा०का०नि० 1231(अ), जो 30 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुये थे तथा जिनके द्वारा 2 जुलाई, 1980 की अधिसूचना संख्या 132-सी०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि भारत-नेपाल व्यापार संधि, 1978 की शर्तों के अनुसार भारत में अधिमान्य प्रवेश के लिए पात्र पाए गए नेपाली मूल के एक और उत्पाद को मदों की सूची में जोड़ा जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(सात) सा०का०नि० 1232(अ), जो 30 दिसम्बर, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 2 जुलाई, 1980 की अधिसूचना संख्या 132-सी०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि भारत-नेपाल व्यापार संधि, 1978 की शर्तों के अनुसार भारत में अधिमान्य प्रवेश के लिए पात्र पाए गए नेपाली मूल के एक और उत्पाद को मदों की सूची में जोड़ा जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(आठ) सा०का०नि० 3(अ), जो 5 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे तथा जिनके द्वारा 2 जुलाई, 1980 की अधिसूचना संख्या 132-सी०शु० में कतिपय संशोधन किये गये हैं ताकि भारत-नेपाल व्यापार संधि, 1978 की शर्तों के अनुसार भारत में अधिमान्य प्रवेश के लिए पात्र पाए गए नेपाली मूल के एक और उत्पाद को मदों की सूची में जोड़ा जा सके तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

[ग्रंथालय में रखी गयी। देखिए संख्या एल० टी० 7212/89]

(2) आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 296 के अन्तर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) :—

(एक) का०आ० 182, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ

था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "महाराष्ट्र स्टेट बीमैन्स काउन्सिल, बम्बई" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(दो) का०आ० 183, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "दी इण्डियन सिल्क एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल, बम्बई" को कर-निर्धारण वर्ष 1985-86 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(तीन) का०आ० 184, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "आन्ध्र महिला सभा, हैदराबाद" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(चार) का०आ० 185 जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "इंस्टीट्यूट ऑफ एनीमल हैल्थ एण्ड वैटेरिनरी बायोलोजिकल्स, हैबल, बंगलौर" को कर-निर्धारण वर्ष 1987-88 तथा 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(पांच) का०आ० 186, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "स्वामी रामानन्द तीर्थ मैमोरियल कमेटी, हैदराबाद" को कर-निर्धारण वर्ष 1984-85 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(छह) का०आ० 187, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "कृष्णामूर्ति फाउन्डेशन इंडिया, मद्रास" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(सात) का०आ० 188, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "संगीत महाभारती, बम्बई" को कर-निर्धारण वर्ष 1986-87 में 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(आठ) का०आ० 189, जो 28 जनवरी, 1988 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "दी भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(नौ) का०आ० 190, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत

"आर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्यूटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इण्डिया" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(दस) का०आ० 191, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "शरत, समिति, कलकत्ता" को कर-निर्धारण वर्ष 1985-86 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(ग्यारह) का०आ० 192, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "जहांगीर आर्ट गैलरी, बम्बई" को कर-निर्धारण वर्ष 1983-84 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(बारह) का०आ० 193, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "डिवाइन लाइट ट्रस्ट फार दि ब्लाइण्ड, बंगलौर" को कर-निर्धारण वर्ष 1987-88 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(तेरह) का०आ० 194, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "खेलघर शिशु निवास और शिक्षा केन्द्र, कलकत्ता" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 तथा 1989-90 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(चौदह) का०आ० 195, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "कर्नाटक, स्टेट सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी, बंगलौर" को कर-निर्धारण वर्ष 1987-88 से 1989-90 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(पन्द्रह) का०आ० 196, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "वेस्ट जोन कल्चरल सेंटर उदयपुर, राजस्थान" को कर-निर्धारण वर्ष 1987-88 से 1989-90 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(सोलह) का०आ० 197, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट, नई दिल्ली" को कर-निर्धारण वर्ष 1989-90 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(सत्तरह) का०आ० 198, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "दी टाटा एग्रीकल्चरल एंड रूरल ट्रेनिंग सेंटर फॉर दी ब्लाइण्ड" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(अठारह) का०आ० 199, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "दी चिल्ड्रन्स बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली" को कर-निर्धारण वर्ष 1985-86 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(उन्नीस) का०आ० 200, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "दी मोती लाल मेमोरियल सोसायटी, लखनऊ" को कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(बीस) का०आ० 201, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "श्री गाडगे महाराज मिशन, बम्बई" को कर-निर्धारण वर्ष 1986-87 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

(इक्कीस) का०आ० 202, जो 28 जनवरी, 1989 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आय-कर अधिनियम, 1961 की धारा 10(23ग) के अन्तर्गत "आल बंगाल वीमन्स यूनियन, कलकत्ता" को कर-निर्धारण वर्ष 1984-85 से 1988-89 तक की अवधि के लिए छूट देने के बारे में है।

[ग्रंथालय में रखी गई। देखिए संख्या एल० टी० 7213/89]

1.05 म० प०

सदस्यों द्वारा त्यागपत्र

[अनुवाद]

अध्यक्ष महोदय : मुझे सभा को सूचित करना है कि लोक सभा सचिवालय में श्री राजमंगल पाण्डे से, जो उत्तर प्रदेश के देवरिया निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य थे, दिनांक 12 जनवरी, 1989 का एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। मैंने उनका त्यागपत्र 12 जनवरी, 1989 से स्वीकार कर लिया है।

मुझे सभा को यह भी सूचित करना है कि मुझे श्री आर० अण्णानम्बी से, जो तमिलनाडु के पोल्लाची निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचित सदस्य थे, दिनांक 30 जनवरी, 1989 का एक पत्र प्राप्त हुआ है जिसमें उन्होंने लोक सभा की सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। मैंने उनका त्याग-पत्र 2 फरवरी, 1989 से स्वीकार कर लिया है।

प्रो० मधु दंडवते (राजापुर) : उन्होंने त्यागपत्र क्यों दे दिया है?

अध्यक्ष महोदय : वह वहां के सदन के लिए निर्वाचित हो गये हैं।

एक माननीय सदस्य : श्री पाण्डे के त्यागपत्र के संबंध में आप क्या कहते हैं? **(व्यवधान)**

अध्यक्ष महोदय : मुझे तो कोई कारण नहीं बताए गए हैं, महोदय । सीधी सी बात है । आप जानते हैं, जी ।

[हिन्दी]

अब जागते हुए को कौन जगाए ।

[अनुवाद]

श्री शान्ताराम नायक (पणजी) : महोदय, उनके दल की स्थिति क्या है ? हमें बताइए । (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी (बोलपुर) : वह जानना चाहते थे जो उस पत्र में नहीं लिखा हुआ है ।

[हिन्दी]

अध्यक्ष महोदय : नहीं, नहीं । अब जागते हुए को कौन जगाए ।

(व्यवधान)

1.06 म० प०

रेल विधेयक संबंधी संयुक्त समिति

प्रतिवेदन

[अनुवाद]

श्री अरविन्द नेताम (कांकेर) : मैं रेलों से सम्बन्धित विधि का समेकन और संशोधन करने वाले विधेयक सम्बन्धी संयुक्त समिति का प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं ।

1.06½ म० प०

रेल विधेयक संबंधी संयुक्त समिति

साक्ष्य

[अनुवाद]

श्री अरविन्द नेताम (कांकेर) : मैं रेलों से सम्बन्धित विधि का समेकन और संशोधन करने वाले विधेयक संबंधी संयुक्त समिति के समक्ष दिये गए साक्ष्य का रिकार्ड सभा पटल पर रखता हूं ।

1.07 म० प०

तत्पश्चात् लोक सभा बुधवार, 22 फरवरी, 1989/3 फाल्गुन, 1910 (शक) के ग्यारह बजे म० पू० तक के लिए स्थगित हुई ।

दी स्टील स्लेट मैं० कं० (प्रैस विभाग) अजमेरी गेट, दिल्ली-6